## एक नजर में

### गायब दो किशोरी अलग अलग जगहों से बरामद

काराकाट : रोहतास। थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों से गायब दो किशोरियों को पुलिस ने सोमवार को बरामद करने के बाद न्यायालय को सुपुर्द कर दिया। हालांकि बयान कलमबद्ध करने के पश्चात न्यायालय द्वारा बरामद उन किशोरियों को उनके स्वजनों को सुपुर्द कर दिया गया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार के अनुसार एक को बिक्रमगंज से जबकि दूसरी को भोजपुर के सिकरहटा से बरामद किया गया। दोनों के पिता द्वारा अलग-अलग दिन को घर से अचानक निकल जाने की प्राथमिकी कराई गई है। (संसू)

### दस्तावेज नवीस अरुण कुमार सिन्हा के निधन पर शोकसभा

बिक्रमगंज : रोहतास। अवर निबंधन कार्यालय बिक्रमगंज के वरिष्ठ दस्तावेज नवीस अरुण कुमार सिन्हा का रविवार को हृदयाघात से निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुन सोमवार को अवर निबंधन कार्यालय परिसर में दस्तावेज लेखक संघ ने अध्यक्ष शंभू कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शोकसभा की, जिसमें उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकसंतप्त परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा में अवर निबंधक रविशंकर कुमार, संघ के सचिव रामाकांत भारती, कोषाध्यक्ष सुनिल कुमार, अखिलेश श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, जैनुल आवेद्दीन खान, शशिभूषण प्रसाद सिन्हा, सुदर्शन प्रसाद ऊर्फ बिल्डिंग साह, रवि भट्ट, शिवशंकर सिंह सहित सभी दस्तावेज लेखक, कर्मी शामिल थे। (संस)

### डीआईजी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

डेहरी आन सोन : रोहतास। सीपीआई (एम एल )ने शाहाबाद डीआईजी कार्यालय पर महादलित परिवार के लोगों ने संझोली थानाध्यक्ष और पुलिस बल के पर कार्रवाई की मांग को ले सोमवार को प्रदर्शन किया। डीआईजी की अनुपस्थिति में डीएसपी (प्रशासन ) को ज्ञापन दिया । ज्ञापन में कहा है कि सात जून को थानाध्यक्ष अपने बल के साथ तिलई गांव के महादलित टोली पहुंचे और महिलाओं-पुरुषों को लाठी व राइफल के कुंदे से बेरहमी से पीटा, कई महिलाएं घायल हुईं।

# सोन नदी से बालू का अवैध खनन जारी रात में सरपट दौड़ रहे ओवरलोड ट्रैक्टर

## हादसे की बढ़ी आशंका, लगातार छापेमारी के बाद भी राजस्व की हो रही भारी क्षति

सुरक्षा पर खतरा

पंचायत सूत्र, जागरण, दरिहट (डेहरी) रोहतास। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोन नदी से अवैध बालू खनन व परिवहन का धंधा बेखौफ जारी है। ग्रामीणों का आरोप है कि बालू कारोबारी प्रतिदिन आधी रात के बाद नदी से अवैध खनन कर ओवरलोड ट्रैक्टरों के जरिए विभिन्न इलाकों में बालू की आपूर्ति कर रहे हैं।

बालू लदे ये ट्रैक्टर मुख्य सड़कों पर तेज रफ्तार से दौड़ते हैं, जिससे जहां एक ओर सरकार को राजस्व की भारी क्षति हो रही है, वहीं दूसरी ओर आम लोगों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय इन वाहनों की अनियंत्रित गति के कारण आए दिन बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। एक तरफ पुलिस प्रशासन नियमित गश्ती का दावा करता है, तो दूसरी तरफ बालू माफियाओं का यह नेटवर्क बिना किसी डर के फल-फूल रहा है।



ट्रैक्टर से बालू की तस्करी • जागरण

स्थानीय निवासियों ने खनन विभाग और जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि प्रशासन रात्रिकालीन जांच अभियान चलाकर इन ट्रैक्टरों को जब्त करे, तो इस अवैध कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाई जा सकती है। ऐसा न होने पर किसी भी दिन बड़ी अनहोनी हो सकती है। इस मामले में खनन निरीक्षक प्रीतम कुमार ने बताया कि अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ विभाग पूरी तरह गंभीर है और इसे रोकने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में प्रयागराज ने बराडीह को हराया

पंचायत सूत्र, जागरण, बलथरी (कोचस) रोहतास। पंचायत के बलथरी गांव में रविवार की रात आदर्श क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मुकाबले में प्रयागराज यूपी की टीम ने रोहतास के बराडीह क्रिकेट क्लब को 12 रन से शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रयागराज की टीम ने निर्धारित छह ओवरों में 26 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी बराडीह की टीम महज 14 रन पर ही सिमट गई। इस तरह प्रयागराज ने 12 रन से मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। आयोजक मंडल के अध्यक्ष दीपक राय, सचिव टिंकू पांडेय और संयोजक अर्जुन यादव ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं। लीग मैच छह ओवर, सेमीफाइनल आठ ओवर व फाइनल मुकाबला दस ओवर का खेला जाएगा।

# पिता के कंधे पर उठा बेटे का जनाजा

संवाद सूत्र, जागरण, संझौली : रोहतास। पिता के कंधे पर जब पुत्र का जनाजा उठा तो पूरा गांव फफक पड़ा। सबसे दिल दहलाने वाली बात है कि उदयपुर के सुरेन्द्र चौधरी के दो बेटे थे और दोनों बेटों को पिता ने कंधा देकर इस लोक से विदा किया है, उस पिता के हृदय में कितना दर्द होगा। उनका दिल कितना रोया होगा। दो बेटे और दोनों बेटों को अपने आंखों के सामने मरते देख पिता टूट गए होंगे। आज दूसरे बेटे का अंतिम संस्कार करते उनके आंखों के आंसू थम नहीं रहे थे। लोग उन्हें ढांढस बंधा रहे थे। लेकिन कब तक..! अपने दो बेटी जैसी बहुओं को अपने आंखों के सामने उनका सुहाग उजड़ते देख, उनका दिल कितना दर्द झेल रहा होगा। लोगों की जुबां पर यही चर्चा थी। आज अपने दूसरे बेटों को भी उन्होंने अंतिम संस्कार कर दिया। पांच साल की अबोध पिता को जब मुखाग्नि दे रहा था तो सबकी आंखें नम हो आई। वह कुछ समझ नहीं पा रहा था। बता दें कि सुशील कुमार अपनी बहन, भांजा को सासाराम से लेकर गांव आ रहे थे, तभी सतर बिगहवा के पास टेंपो खड़े ट्रक से टकरा गई। जिसमें टेंपो सुशील गाड़ी के नीचे दब गए। रात होने के कारण करीब एक घंटे तक वह उसमें दबे रहे। सुबह होने पर जब ग्रामीण देखे तो उन्हें काफी मशक्कत के साथ बाहर निकाला और नोखा सामुदायिक केंद्र में इलाज के लिए लाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृतक घोषित कर दिया।



उदयपुर में घटना के बाद रोते बिलखते स्वजन • जागरण

# कर्मियों की कमी से पीएनबी में जामा-निकासी कार्य मुश्किल

पंचायत सूत्र, जागरण, चिकसिल (काराकाट) रोहतास। प्रखंड के सकला बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से रुपयों की जमा-निकासी करना उपभोक्ताओं के लिए मुश्किल साबित हो रहा है। बैंक में लेन-देन के लिए उपभोक्ताओं को कतार में लगकर घंटों अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। यह विकट स्थिति शाखा में लंबे समय से जारी कर्मियों की भारी कमी के कारण पैदा हुई है।

उपभोक्ता संतोष कुमार उपाध्याय, उमेश प्रसाद, रीता देवी, शकीला खातून, रेशमा देवी ने बताया कि पिछले कई महीनों से यहां केवल एक ही कर्मी तैनात है। वहीं, शाखा प्रबंधक राहुल कुमार सिंह स्वास्थ्य कारणों से अवकाश पर हैं। इसके चलते काम चलाने के लिए किसी अन्य शाखा से महज एक कर्मी की प्रतिनियुक्ति की गई है। यहां तक कि खजांची का प्रभार भी स्थानीय स्तर पर किसी के सहयोग से संभाला जा रहा है। इन कर्मियों के कड़े परिश्रम के बाद ही उपभोक्ताओं का जमा-निकासी का काम जैसे-तैसे चल पा रहा है। इसे देखते हुए उपमुखिया दिलीप कुमार गुप्ता सहित अन्य ने डीएम व बैंक के वरीय अधिकारियों को पत्र भेज यहां की बदहाल स्थिति से अवगत कराते हुए तत्काल पर्याप्त कर्मियों की तैनाती की मांग की है। कहा है कि सकला, दनवार, सोनवर्षा, अमौना और चिकसिल पंचायत के 30 से अधिक गांवों के ग्रामीण मुख्य रूप से इसी बैंक शाखा के खाताधारक हैं, जिन्हें इस अव्यवस्था के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## हत्याकांड के नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

पंचायत सूत्र पडूरी, नासरीगंज (रोहतास): थाना क्षेत्र के पडूरी गांव में गत दो अप्रैल को भगिना द्वारा मामा की गोली मारकर हत्या मामले में फरार चल रहे नामजद अभियुक्त गोपाल राय को पुलिस ने बोकरो के चास थाना के चास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके पूर्व में पुलिस ने मामा बैधनाथ पांडेय हत्याकांड की नामजद महिला अभियुक्त मंजू देवी को पांच अप्रैल को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वहीं एक और अभियुक्त रंजित मुअर ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त किए गए हथियार को भी बरामद कर लिया है।

थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि उक्त के मामले का फरार उपरोक्त अभियुक्त को झारखंड के बोकारो के चास से गिरफ्तार किया गया। बताते चलें कि हत्या मामले में मृतक के पुत्र सतीश कुमार पांडेय ने चार महिला समेत कुल सात लोगों को नामजद करते हुए प्राथमिकी कराई थी।

## तिलोखर से दो शराब तस्कर गिरफ्तार

पंचायत सूत्र, जागरण, चुटिया (नौहट्टा) तिलोखर गांव में पुलिस ने सोमवार को छापेमारी कर दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद पुलिस ने दोनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष रोहित कुमार के अनुसार गिरफ्तार दोनों आरोपितों के विरुद्ध थाने में पहले से ही शराब तस्करी से संबंधित मामला दर्ज था।

# मां यक्षिणी भवानी का आशीर्वाद लेने पहुंचे पवन

संवाद सूत्र, जागरण दिनारा: रोहतास। भाजपा नेता एवं भोजपुरी फिल्म जगत के लोकप्रिय अभिनेता पवन सिंह ने विधान परिषद के उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद रविवार को पहली बार प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध सिद्ध शक्तिपीठ भलुनीधाम पहुंच मां यक्षिणी भवानी का आशीर्वाद लिया। मां के दरबार में विधिवत पूजा-अर्चना कर उनके चरणों में माथा टेककर प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की।

पवन सिंह के भलुनीधाम आगमन को लेकर सुबह से ही समर्थकों एवं प्रशंसकों में खासा उत्साह का माहौल देखा गया। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में लोग उनके स्वागत के लिए जुटे रहे। दर्शन-पूजन के दौरान उनके साथ दिनारा विधायक एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह भी मौजूद रहे।



पूजा अर्चना करते पवन सिंह व अन्य

# तीन माह से फटा है नल-जल योजना का मुख्य पाइप

पंचायत सूत्र, जागरण, उल्ली बनाही (नौहट्टा) रोहतास। क्षेत्र के बलभद्रपुर में नल-जल योजना का मुख्य पाइप फट जाने के चलते रोहतास से नौहट्टा जाने वाली मुख्य सड़क पर पिछले तीन महीनों से लगातार पानी बह रहा है। विभाग की इस घोर लापरवाही के चलते सड़क के बीचों-बीच भारी जलजमाव हो गया है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीण मनोज सिंह ने बताया कि पाइपलाइन फटने की इस गंभीर समस्या की शिकायत कई बार संबंधित पीएचईडी से की गई है, लेकिन अब तक विभाग का कोई भी अधिकारी या मिस्त्री इसे दुरुस्त करने नहीं पहुंचा है। इस अनदेखी का खामियाजा पूरे गांव को भुगतना पड़ रहा है। चिलचिलाती गर्मी के इस मौसम में सड़क पर पानी बह जाने के कारण गांव के अधिकांश घरों तक नल-जल की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है, जिससे लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।

## बीज बचाने को जद्दोजहद कर रहे किसान

पंचायत सूत्र, जागरण बलिहार, सूर्यपुरा: रोहतास। रोहिणी नक्षत्र में डाले गए बीज को बचाने के लिए किसान जद्दोजहद कर रहे हैं। नहर में अबतक पानी नहीं पहुंचने से तेज धूप और भीषण गर्मी के चलते किसानों को डीजल पंप चला बिचड़ा लगे खेतों में प्रतिदिन पानी देना पड़ रहा है। इसके पूर्व मृगशिरा, पचहुल एवं आर्द्रा नक्षत्र में बीज डालने वाले किसान खेतों का पटवन कर उसमें उग आए खर-पतवार की जोताई कर नष्ट कर रहे हैं। नहर में पानी नहीं आने पर किसान डीजल व विद्युत मोटर पंप से पटवन करने को मजबूर हैं।

# सरैया गांव में पुल निर्माण की धीमी रफ्तार से ग्रामीण परेशान

पंचायत सूत्र, जागरण, सरैया (तिलौथू) रोहतास। तिलौथू प्रखंड के सरैया गांव को मुख्य बाजार से जोड़ने वाली तुतही नदी पर नए पुल का निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है, जिसे लेकर स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी है। गौरतलब है कि करीब एक महीने पहले पुराने व जर्जर पुल को तोड़कर यहां नए पुल का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि इस बार पुल का निर्माण कार्य तेजी से पूरा होगा और उनकी आवागमन की पुरानी समस्या का हमेशा के लिए समाधान हो जाएगा। उनका कहना है कि वर्तमान में निर्माण कार्य जिस कछुआ गति से चल रहा है, उसे देखते हुए इसका समय पर पूरा होना नामुमकिन प्रतीत हो रहा है। चिंता की बात यह है कि अब बरसात आने में कुछ ही दिन बचे हैं। कैमूर पहाड़ी से निकलने वाली विभिन्न बरसाती नदियों का तेज पानी इसी तुतही नदी के रास्ते होकर आगे सोन नदी में गिरता है। ऐसे में यदि बारिश शुरू होने से पहले पुल के पिलर और बुनियादी ढांचे का काम पूरा नहीं हुआ।


## AFFIDAVIT

I, **Jitendra Sharma** S/o Jai Mistri R/o Jayantipur Po.- Chunhatta, Ps.- Nauhatta Distt.- Rohtas vide Affid. N.- 9942/05.06.26 do hereby declare this In Aadhar card, my name is recorded as Jitendra Sharma where as SBI A/c, my name is recorded as Jitendra Kumar. Both name Jitendra Sharma and Jitendra Kumar belongs to one and single person i.e. myself.

## शपथ-पत्र

मैं **जितेन्द्र शर्मा** पिता जई मिस्त्री साकिन जयंतीपुर, पो. चुनहट्टा थाना नौहट्टा जिला रोहतास शपथ पत्र सं.– 9942 / 05.06.26 द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरा आधार कार्ड में नाम जितेन्द्र शर्मा दर्ज है जबकि एसबीआई बैंक में नाम जितेन्द्र कुमार दर्ज है। मैं जितेन्द्र शर्मा उर्फ जितेन्द्र कुमार दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। मैं दोनों नामों से जाना वो पहचाना जाता हूं। उक्त दोनों नाम का एक मात्र व्यक्ति मैं ही हूं।

## गांठ / गिल्टी

ब्रेस्ट (स्तन), गला, सहित सभी अंगों के गांठ, सिस्ट, फायोब्राइडस, एवं नाक, मुंह, मल-मूत्र से खून आना, मासिक में खून/पानी अधिक आना, माइग्रेन, खुजली सहित सभी दर्द केवल होमियोपैथिक दवाओं से कम समय में ठीक करायें।

ब्रेस्ट एवं गर्दन के गांठ शीघ्र ठीक हो जाते हैं।

मिलें : डॉ. बी.बी. सिंह

(लक्ष्मी इन के पीछे) पूर्वी बोरिंग कैनाल रोड, पटना

9334368772, 8271802278


# गोड़ारी में ग्रामीणों की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय



बैठक करते ग्रामीण • जागरण

संवाद सूत्र, जागरण, काराकाट : रोहतास। स्थानीय नगर पंचायत के गोड़ारी स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर के प्रांगण में सोमवार को ग्रामीणों की बैठक शिक्षक शशिकांत तिवारी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें नगर के जनप्रतिनिधि, समाजसेवियों ने भी भाग लिया। बैठक में मंदिर की चहारदीवारी का निर्माण व सौंदर्यीकरण के साथ मंदिर तक जाने वाले रास्ते की पक्कीकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष के अनुसार सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि मंदिर परिसर के विकास व सौंदर्यीकरण कार्य गांव के सक्षम लोगों के आपसी सहयोग से राशि एकत्रित कर कराया जाएगा। वहीं मंदिर वाले रास्ते के संबंध में बताया गया कि इसका निर्माण नगर पंचायत की ओर से शीघ्र ही कराया जाएगा। यह योजना पूर्व में ही बोर्ड की बैठक में स्वीकृत हो चुकी है। बैठक में इसके अलावा श्मशान घाट का मुद्दा उठाया गया।


पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

सर्कल ऑफिस, ओल्ड जीटी रोड, औरंगाबाद, बिहार – 824101

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतदद्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी / चार्ज की गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा उसके द्वारा ले लिया गया है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता को अपने बकाया की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि पर **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है'** पर बेचा जाएगा। संबंधित उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (गारंटरों) से सुरक्षित लेनदार, आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा नीचे दी गई तालिका में सम्बंधित सम्पत्तियों के अनुसार होगी।

परिशिष्ट- IV-A [नियम 9(1) का प्रावधान देखें] (सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची)

| लॉट न. | शाखा का नाम / खाते का नाम / उधारकर्ता/गारंटर के खाते का नाम एवं पता | गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/मालिक का नाम (संपत्ति को गिरवी रखने वाले) | (क) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना की तिथि (ख) मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि (ग) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्ज़ा की तिथि (घ) कब्जे की प्रकृति | क) आरक्षित मूल्य (लाख रुपये में) ख) ईएमडी ग) बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि/समय | सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणभारों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शाखा-कुरैच (693400) खाता संख्या-6934008700000300 मेसर्स खुशी इंटरप्राइजेज प्रोप- अनिल साह पिता मुसाफिर साह श्री अनिल साह पिता मुसाफिर साह श्री अनिल कुमार साह पिता ललन साह सभी निवासी हैं: ग्राम-नवाडीह, पोस्ट-मेयारी बाजार, थाना-नोखा, जिला-रोहतास, बिहार | **अचल संपत्ति स्थित है**: मौजा-नवाडीह, अंचल-सासाराम, थाना-नोखा, थाना संख्या- 412, हल्का संख्या-3, खाता संख्या-103(सर्वे)/148(चक), प्लॉट संख्या-58(सर्वे)/45 (चक), क्षेत्रफल-44 1½ डिसमिल, जिला-रोहतास जिसका सेल डीड संख्या-12513 दिनांक 19.09.2014 श्री अरविन्द कुमार साह पिता ललन साह के नाम पर। **चौहद्दी**: उत्तर-निज मोकिर, दक्षिण-सिंगासन साह, पूर्व-वकील चौधरी, पश्चिम-छावर | क) 13.10.2016 ख) रु.16,76,209/- + अतिरिक्त ब्याज ग) 21.12.2021 घ) सांकेतिक | क) रु. 4,53,900/- ख) रु. 45,390/- ग) रु. 25,000/- | दिनांक 23.06.2026 को दोपहर 12:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक | ज्ञात नहीं |

नियम एवं शर्तें : बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी:

1. संपत्तियों को 'जैसा है जहां है के आधार पर' और 'जैसा है जो है के आधार पर' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जा रहा है। 2. यहां ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से **23.06.2026 को दोपहर 12.00 बजे** से शाम **04.00 बजे तक** की जाएगी। 4. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com और www.pnbindia.in देखें। 5. प्राधिकृत अधिकारी को किसी भी बोली को स्वीकार करने या सभी बोलियों को अस्वीकार करने, यदि स्वीकार्य न हो, या किसी भी समय बिना कोई कारण बताए नीलामी की शर्तों को स्थगित/रद्द/स्थगित/बंद करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है एवं इस संबंध में उसका निर्णय अंतिम होगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9(1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा प्राधिकृत अधिकारी


# तिउरा गांव के मुख्य सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी

पंचायत सूत्र, जागरण चुटिया (नौहट्टा) रोहतास। स्थानीय पंचायत के तिउरा गांव में मुख्य सड़क पर नाली का गंदा पानी बहने के चलते राहगीरों व स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नौहट्टा-यदुनाथपुर मुख्य मार्ग पर तिउरा पंचायत भवन से कुछ ही दूरी पर नाली का पानी सड़क पर खुलेआम बह रहा है।

इसके चलते सड़क के एक बड़े हिस्से में गंदे पानी का जलजमाव हो गया है, जिससे वहां से गुजरने वाले वाहनों और पैदल यात्रियों को आने-जाने में काफी दिक्कतें हो रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जलजमाव वाले इस हिस्से से जब तेज रफ्तार गाड़ियां गुजरती हैं, तो गंदे पानी के छींटे राहगीरों और आस-पास के लोगों पर पड़ते हैं। इस वजह से कई बार लोगों के बीच तीखी बहस और लड़ाई-झगड़े की स्थिति भी उत्पन्न हो चुकी है। समस्या की गंभीरता को देखते हुए पूर्व मुखिया बलराम ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि इस स्थान पर अविलंब पक्के नाले का निर्माण कराया जाए।



सड़क पर बहते नाली का पानी • जागरण

## पंचायत कोना

### गोद भराई कार्यक्रम में सुरक्षित मातृत्व का दिया संदेश



गोद भराई कार्यक्रम में शामिल महिलाएं • जागरण

पंचायत सूत्र, जागरण, शिवोबहार (सूर्यपुरा) रोहतास। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर सोमवार को गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व व बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। शिवोबहार, कल्याणी, मदैना, कल्याणी, अलीगंज, गोशलडीह, बलिहार, सूर्यपुरा एवं सूर्यपुरा समेत कई केंद्रों पर आयोजित कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को सम्मानित किया गया। सेविकाओं ने पौष्टिक भोजन, हरी सब्जियों के सेवन, आयरन की गोली नियमित लेने तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी।

### अशरफ अंसारी को एमएलसी प्रत्याशी बनाने पर हर्ष

पंचायत सूत्र, जागरण, परसिया (नासरीगंज) रोहतास। लोजपा आर के प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य देवमुनि पासवान ने कैमूर निवासी अशरफ अंसारी को पार्टी द्वारा विधान परिषद का उम्मीदवार बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने इसके लिए केंद्रीय मंत्री सह पार्टी सुप्रीमो चिराग पासवान को धन्यवाद देते हुए कहा कि एक जमीनी कार्यकर्ता को यह सम्मान देना अत्यंत सराहनीय कार्य है। उनके आने से दलित व अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों में नई उम्मीद जगी है।

### घर के सामने लगी बाइक ले गए चोर, प्राथमिकी

पंचायत सूत्र, जागरण, डिहरी (नासरीगंज) रोहतास। थाना क्षेत्र के डिहरी गांव में रविवार की रात घर के सामने खड़ी एक बाइक को उचक्कों ने चुरा लिया। चोरी गई मोटरसाइकिल काले रंग की हौंडा सीबी शाइन बताई जा रही है, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 24क्यू- 8082 है। इस संबंध में डिहरी गांव निवासी प्रमोद कुमार ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध स्थानीय थाने में लिखित शिकायत देकर प्राथमिकी कराई है। भुक्तभोगी के अनुसार बीती रात उन्होंने अपने घर के सामने उक्त बाइक खड़ी की थी और घर के अंदर चले गए थे।

### एक जुलाई से डिग्री कालेज में शुरू होगी पढ़ाई

पंचायत सूत्र, जागरण, बलिहार (सूर्यपुरा) रोहतास। प्रखंडवासियों का लंबे समय से प्रतीक्षित डिग्री कालेज अब शुरू होने के बिल्कुल करीब पहुंच गया है। कालेज संचालन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। सोमवार को प्रभारी प्रधानाचार्य मो. अलाउद्दीन अंजीजी ने राज राजेश्वरी प्लस-टू विद्यालय स्थित कालेज परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था और फर्नीचर सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया।

### डिजिटल युग में भी नेटवर्क को तरस रहे लोग

पंचायत सूत्र, जागरण, कंजर (कोचस) रोहतास। एक तरफ जहां आज पूरा देश डिजिटल इंडिया व फाइव जी नेटवर्क की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है, वहीं स्थानीय प्रखंड की कंजर पंचायत में मोबाइल कनेक्टिविटी न होने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कंजर पंचायत के मनीपुर, घासा, कुरुथा व डोईयां सहित कई गांवों में मोबाइल नेटवर्क की स्थिति बेहद दयनीय है, जिससे ये ग्रामीण इस डिजिटल युग में भी बुनियादी संचार सेवाओं से वंचित हैं। समस्या को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में अधिकांश लोग जियो व एयरटेल कंपनी के सिम का उपयोग करते हैं।

### राजपुर सीएचसी में आयुष्मान कार्ड बनना शुरू



कार्यक्रम में उपस्थित आशा व अन्य • जागरण

पंचायत सूत्र, जागरण, राजपुर : रोहतास। प्रखंड मुख्यालय स्थित सीएचसी में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य शुरू हो गया है। इसके संचालन के लिए प्रत्येक कार्य दिवस को सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक एक स्वास्थ्य कर्मी काउंटर पर मौजूद रहेंगे। प्रखंड आशा प्रबंधक विकास कुमार के अनुसार जिन नागरिकों का नाम राशन कार्ड से जुड़ा है, उनकी पूरी सूची सरकार के आयुष्मान कार्ड पोर्टल पर पहले से ही उपलब्ध है। ऐसे लोग सीधे आकर अपना कार्ड बनवा सकते हैं। वहीं, शेष लोग अपने आधार कार्ड के साथ काउंटर पर आकर आयुष्मान कार्ड के लिए पात्रता की जांच की।

### बिहार पुलिस, सेना व रेलवे में चयनित 20 सम्मानित

पंचायत सूत्र, जागरण, तेतराढ़ (अकोढ़ीगोला) रोहतास। प्रेमनगर खेल मैदान में गुरुकुल फिजिकल एकेडमी द्वारा बिहार पुलिस, भारतीय सेना व रेलवे में चयनित छात्र-छात्राओं के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 20 सफल अभ्यर्थियों, जिनमें छह छात्राएं व 14 छात्र शामिल हैं, को अंगवस्त्र, माला एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ थानाध्यक्ष राकेश गोसाईं, अभिषेक कुमार, प्रकाश सोनी व छात्र सूरज ने दीप प्रज्वलित कर किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि इन प्रतिष्ठित सेवाओं में चयन होना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

### राशन कार्ड को चक्कर काटने को मजबूर

पंचायत सूत्र, जागरण, धितौली (तिलौथू) रोहतास। प्रखंड क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंद लोग नया राशन कार्ड बनवाने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन इसके बावजूद उनकी सुध नहीं ली जा रही है। स्थानीय पंचायत के दर्जनों आवेदकों ने बताया कि महीनों पहले आनलाइन आवेदन करने के बावजूद अब तक उनका राशन कार्ड जारी नहीं हो सका है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब वे इस संबंध में जानकारी लेने प्रखंड आपूर्ति कार्यालय जाते हैं, तो वहां तैनात कर्मियों द्वारा कोई संतोषजनक जवाब या सही जानकारी नहीं दी जाती है।

### पशु चिकित्सा शिविर में किया गया जागरूक

पंचायत सूत्र, जागरण, यदुनाथपुर (नौहट्टा) रोहतास। प्रखंड की बेलदुरिया पंचायत में सोमवार को एक दिवसीय निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पशुओं के स्वास्थ्य जांच व उनकी देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय पशुपालकों ने अपने पशुओं की स्वास्थ्य जांच कराई। पशु चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर अभिषेक कुमार व डाक्टर कुमारी प्रशंसा सिंह ने पशुपालकों को जागरूक करते हुए बताया कि मानसून की शुरुआत के साथ ही पशुओं में संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा काफी बढ़ जाता है। इसलिए, इस मौसम में पशुओं का समय पर टीकाकरण कराना व उन्हें आवश्यक दवाएं देना बेहद जरूरी होता है।